# टीचर कहाँ रहती हैं?



# टीचर कहाँ रहती हैं?



श्रीमती ग्रीन कहाँ रहती हैं?
"चलो पता लगाते हैं," विली ने कहा.
फिर अल्बा, विली और नैन्सी
जासूस बन जाते हैं.
वे स्कूल के बाद मिसेज़ ग्रीन
की प्रतीक्षा करते हैं.
क्या वो बाहर आती हैं?
या वो स्कूल में रहती हैं?
वो कहाँ रहती हैं?
इस कहानी को पढ़ें और सीखें
कि जासूस कैसे बना जाता है.



सोमवार सुबह का समय था. कक्षा 2 और 3 के बच्चे दूध पी रहे थे.

अल्बा अपने सबसे अच्छे दोस्त, नैन्सी के बगल में ही बैठी थी.

"नैन्सी," अल्बा ने पूछा "क्या तुम्हें पता है कि हमारी टीचर मिसेज ग्रीन कहाँ रहती हैं?"



मिसेज ग्रीन कक्षा 2-3 की टीचर थीं.

"वह स्कूल में ही रहती हैं," नैन्सी ने कहा. "सभी शिक्षक स्कूल में ही रहते हैं."

विली उनके पीछे बैठा था. "अरे नहीं, ऐसा नहीं है," विली ने कहा.

"वो अपने घर में रहती है, जैसे हम लोग अपने घरों में रहते हैं."



विली कक्षा का सबसे होशियार लड़का था.

"शायद विली सही है," अल्बा ने कहा.

"चलो पता करते हैं," विली ने कहा.

"हम स्कूल के बाद इंतजार करेंगे और देखेंगे कि वो कहाँ जाती हैं."

"लगता है वो कभी स्कूल के बाहर ही नहीं निकलेंगी," नैन्सी ने कहा.







तीन बजे, अल्बा, विली और नैन्सी स्कूल के सामने इंतजार कर रहे थे.

मिसेज ग्रीन बाहर आईं. उन्होंने बच्चों को नहीं देखा.

वे एक झाड़ी के पीछे छिपे थे.

"देखो," अल्बा ने नैंसी से कहा. “विली सही था. मिसेज ग्रीन स्कूल में नहीं रहती हैं."






उन्होंने मिसेज ग्रीन का पीछा किया. वे सड़क पर चले, एवेन्यू को पार कर पार्क में गए.

फिर उन्होंने एक और सड़क पार की.


"मेरी माँ मुझे इन बड़ी सड़कों को कभी पार नहीं करने नहीं देंगी," नैन्सी ने कहा.

"ठीक है," अल्बा ने कहा.

"हम अब यहीं से देखेंगे."

फिर एक बस रुकी.

मिसेज ग्रीन उसमें चढ़ीं.



बस सड़क पर आगे बढ़ी और फिर कोने पर मुड़ गई.

"वो कहीं दूर रहती होंगी," अल्बा ने कहा.

"शायद वो शहर के बाहर रहती हों," नैन्सी ने कहा.

"अरे नहीं," विली ने कहा.

"वो एक सिटी बस थी. वो शहर से बाहर नहीं जाएगी."

"शायद विली सही है," अल्बा ने कहा.

"कितना मज़ा आया," विली ने कहा.

"चलो कल हम फिर यही करेंगे."

उन्होंने मिसेज ग्रीन का पीछा करते हुए सड़क पार की फिर एवेन्यू और पार्क पार किया.

उन्होंने मिसेज ग्रीन को सड़क पार करते हुए देखा. उनके सामने से एक बस चली गई.

"मैंने तुमसे कहा था," विली ने कहा.

बस अपने स्टैंड से भी चली गई.

आश्चर्य!

मिसेज ग्रीन तब भी वहीँ थीं. वो अभी भी चल रही थीं.



"विली," अल्बा ने कहा, "तुम्हारी बात गलत निकली."

"शायद वो आज घर नहीं जा रही हों," विली ने कहा.



"हो सकता है कि वह अपने घर पैदल चलकर जाती हों," अल्बा ने कहा.

"शायद वो दस मील पैदल चल सकती हों," नैन्सी ने कहा.

"कोई भी दस मील पैदल नहीं चल सकता है," विली ने कहा.

"शायद वो ऐसा कर सकती हों," अल्बा ने कहा. "देखो, तुम्हारी बात गलत निकली. उन्होंने बस नहीं ली."

मिसेज ग्रीन चलती रहीं. वो कोने पर जाकर मुड़ीं. अब बच्चे उन्हें देख नहीं सकते थे.



अगले दिन बुधवार था. उस दिन जमकर बारिश हुई.

"देखो वो आ रही हैं मिसेज ग्रीन," अल्बा ने कहा.

"आज वो पैदल घर नहीं जा पाएंगी," विली ने कहा. "आज तेज़ बारिश जो है."

मिसेज ग्रीन स्कूल की सीढ़ियों से नीचे उतरीं.

उन्होंने बाईं ओर देखा.

उन्होंने दाईं ओर देखा.



उन्होंने अचानक अपने हाथ को हवा में उठाया.

"देखो," विली ने कहा.

"एक टैक्सी उनके पास आकर रुकी है."

मिसेज ग्रीन टैक्सी में बैठीं. अल्बा, विली, और नैन्सी यह देखने के लिए रुके कि टैक्सी किस रास्ते से जाएगी.

टैक्सी, बस वाले रास्ते से ही गई.

"शायद मिसेज ग्रीन के घर जाने के कई रास्ते हैं," विली ने कहा.



"मुझे कुछ पता है," अल्बा ने कहा.

"मिसेज ग्रीन शहर के पश्चिम भाग में रहती हैं. यह पूरब का भाग है, और वो हमेशा दूसरे रास्ते से ही जाती हैं."





नैन्सी ने कहा, "मैं पूरी तरह से भीग गई हूं, और मैं इस खोज से अब परेशान हो चुकी हूं. कल हम मिसेज ग्रीन से पूछेंगे कि वो कहां रहती हैं."

"अरे नहीं! ज़रा एक और दिन रुको!" अल्बा ने कहा. "हम इस रहस्य को खोज निकालेंगे."

"हम लोग अच्छे जासूस हैं," विली ने कहा.

"ठीक है, एक दिन और," नैन्सी ने कहा.

फिर गुरुवार को अल्बा, विली, और नैन्सी, मिसेज ग्रीन का फिर से इंतजार कर रहे थे.

वो स्कूल से बाहर आईं. वो बस वहां पर खड़ी रहीं. वो पैदल नहीं चलीं. वो बस में भी नहीं चढ़ीं. उन्होंने टैक्सी भी नहीं ली.

एक नीली कार सड़क पर आई. एक महिला उस कार को चला रही थी. उसने मिसेज ग्रीन से हेलो कहा.





"मिसेज ग्रीन कार में बैठ रही हैं," नैन्सी ने कहा.

नीले रंग की कार चली गई. "वो बस और टैक्सी वाले रास्ते से नहीं गई," अल्बा ने कहा.



विली ने कहा, "कार उस रास्ते से भी नहीं गई जिस पर मिसेज ग्रीन पैदल चलती थीं."

"मुझे कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है," अल्बा ने कहा. "कल हम मिसेज ग्रीन से पूछेंगे कि वो कहाँ रहती हैं."

शुक्रवार को, अल्बा, विली, और नैन्सी दोपहर का खाना खा रहे थे. तभी मिसेज ग्रीन लंचरूम में घुसीं.

"मिसेज ग्रीन!" बच्चे मिलकर चिल्लाए.

टीचर उनके पास आईं.

"मिसेज ग्रीन, आप कहाँ रहती हैं?" अल्बा ने पूछा.

"क्या आप स्कूल में रहती हैं?" नैन्सी ने पूछा.



"क्या आप शहर में रहती हैं?" विली से पूछा.

"तुम लोग इतने सारे सवाल क्यों पूछ रहे हो?" मिसेज ग्रीन ने कहा.

"तुम लोग यह क्यों जानना चाहते हो?"





"हम बस अचरज कर रहे थे," अल्बा ने कहा.

"हमने आपका पीछा किया," विली ने कहा. "सोमवार को हमने आपको बस में चढ़ते हुए देखा."

"मंगलवार को हमने आपको पैदल घर जाते हुए देखा," नैन्सी ने कहा. "आपने पैदल जाते हुए भी, बस वाला रास्ता ही लिया."

"बुधवार को हमने आपको टैक्सी लेते हुए देखा," विली ने कहा. "टैक्सी भी बस वाले रास्ते पर ही गई."



"मैं शहर के पश्चिम भाग में रहती हूं," मिसेज ग्रीन ने कहा.

"देखो? मैंने कहा था कि वो पश्चिमी भाग में रहती हैं," अल्बा ने विली से कहा.

"लेकिन कल आप एक कार में सवार होकर गईं," नैंसी ने कहा.

"वो कार एक अलग रास्ते से गई," विली ने कहा.

"तुम लोग अच्छे जासूस हो," मिसेज ग्रीन ने कहा.

"कल मेरी दोस्त मुझे रात के खाने के लिए अपने घर ले गई थी," फिर मिसेज ग्रीन हंसी.

"आज मैं दूसरे रास्ते से घर जाऊंगी. स्कूल के बाद तुम मेरा इंतज़ार ज़रूर करना."

तीन बजे अल्बा, विली और नैन्सी स्कूल के सामने खड़े थे.

"शायद आज वो एक हेलीकॉप्टर में अपने घर जाएँगी."






मिसेज ग्रीन स्कूल से बाहर आईं. "हेलो बच्चों," उन्होंने कहा.

तभ एक छोटा ट्रक स्कूल के सामने आकर रुका.





एक आदमी उस ट्रक को चला रहा था.

मिसेज ग्रीन ने कहा, "बच्चों, यह मेरे चाचा हैं - फ्रैंक ग्रीन. वो दुकानों को आइसक्रीम सप्लाई करते हैं."

फ्रैंक ग्रीन, ट्रक से बाहर उतरे. उन्होंने मिसेज ग्रीन को कुछ दिया.

फिर मिसेज ग्रीन बच्चों के पास गईं.



"देखो यह तीन चॉकलेट आइसक्रीम हैं,"
उन्होंने कहा. "तुम सभी अच्छे जासूस हो."

फिर अल्बा, नैन्सी, विली और मिसेज
ग्रीन आइसक्रीम ट्रक में सवार होकर घर गए.



समाप्त


114
ICE CREAM


ICE CREAM